हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–159 : जौनपुर, शुक्रवार 12 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पीएसी के जवानों का सिविल पुलिस में किया जा सकता है स्थानांतरण : हाईकोर्ट इलाहाबाद

प्रयागराज ब्यूरो : पीएसी से सशस्त्र कांस्टेबुलरी में स्थानांतरित किए गए जवानों को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट ने प्रदेश पुलिस की सभी सेवाओं को एक मानते हुए पीएसी में तैनात जवानों की ओर से दाखिल याचिका को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि पीएसी के जवानों को सशस्त्र कांस्टेबुलरी और सिविल पुलिस सहित पुलिस की अन्य सेवाओं में स्थानांतरित किया जा सकता है। कोर्ट ने स्थानांतरित किए गए दीवान, कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल को एक सप्ताह में स्थानांतरित किए गए स्थान पर ज्वाइनिंग करने का आदेश दिया। विभाग से कहा कि जवान अगर स्थानांतरित किए गए स्थान पर एक सप्ताह में ज्वाइन नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई को स्वतंत्र होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमसेरी ने सुनील कुमार चौहान व 186 अन्य तथा 27 पीएसी जवानों की ओर से दाखिल अलग–अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते दिया है। मामले में पीएसी में तैनात दीवान, कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल का स्थानांतरण सात मई 2022 को आर्म्स कांस्टेबुलरी में कर दिया गया था। याचियों ने इस स्थानांतरण को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी। याचियों की ओर से तर्क दिया गया था कि आर्म्स कांस्टेबुलरी दूसरा विभाग है। दूसरे विभाग में पीएसी जवानों का स्थानांतरण नहीं हो सकता है। उन्हें पीएसी में ही एक से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है। इसके अलावा स्थानांतरण किसी बोर्ड द्वारा नहीं किया गया है। इसलिए सात मई को एडिशनल सुपरिटेंडेंट पीएसी के द्वारा किया गया स्थानांतरण गलत है। इस पर हाईकोर्ट ने



स्थानांतरण के आदेश पर रोक लगा दी थी। बाद में सुनवाई आगे बढ़ी तो अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल और स्थायी अधिवक्ता विक्रम बहादुर यादव की ओर से तर्क प्रस्तुत किया गया कि यूपी में सिविल पुलिस, आर्म्स कांस्टेबुलरी, जीआरपी, अग्निशमन पुलिस, वन रक्षक पुलिस, माउंटेन पुलिस और जल पुलिस सभी एक हैं। उन्होंने पुलिस एक्ट की धारा दो, तीन और धारा 12 में इंस्पेक्टर जनरल की शक्ति का हवाला दिया। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के कई केसों का हवाला दिया। कहा कि प्रशिक्षित पीएसी कर्मियों को बेहतर प्रशासन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिविल पुलिस के साथ काम करना जरूरी है। जनहित में इस तरह का निर्णय लिया गया है। कोर्ट ने सरकारी दलीलों को स्वीकार करते हुए पीएसी जवानों की ओर से दाखिल याचिकाओं को रद्द कर दिया और उन्हें स्थानांतरित स्थान पर ज्वाइन करने का आदेश दिया।

## आतंकी हमले का इनपुट: पश्चिमी यूपी में अलर्ट

मेरठ ब्यूरो : आतंकी गतिविधियों के इनपुट के बाद पश्चिमी यूपी के मेरठ समेत कई जनपदों में अलर्ट जारी किया गया है। इसको देखते हुए एलआईयू और मेरठ पुलिस ने बस अड्डे, रेलवे स्टेशन व होटलों में सघन चेकिंग अभियान शुरू करा दिया है। सुरक्षा की दृष्टि से शहर को पांच जोन में बांटा गया है। वहीं अबकी बार 15 अगस्त को ड्रोन से भी निगरानी होगी। पुलिस ने शहर को पांच जोन और 15 सेक्टर में बांटा है। खुफिया विभाग की रिपोर्ट में आतंकी इनपुट मिलने के बाद से पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। स्वतंत्रता दिवस के तीन दिन पहले से ही शहर में चप्पे–चप्पे पर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है। एडीजी मेरठ जोन राजीव सभरवाल के निर्देश पर बागपत, मेरठ और गाजियाबाद समेत जोन के सभी जनपदों में अबकी बार ड्रोन से भी



निगरानी की जाएगी। वहीं एसएसपी रोहित कुमार सजवाण के मुताबिक, अब एलआईयू और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बस अड्डे, होटलों, ढाबों और रेलवे स्टेशनों में सघन चेकिंग अभियान भी शुरू करा दिया गया है। पुलिस टीम के साथ बम डिस्पोजल दस्ता और डॉग स्क्वायड भी साथ रहे। गाजियाबाद पुलिस को खासतौर पर अलर्ट किया गया है।

## रक्षाबन्धन एवं आजादी के 75वीं वर्षगाठ पर जिला कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियो से राखी बंधवाकर बांटी गई मिठाई

जौनपुर सू.वि. : रक्षाबन्धन एवं आजादी के 75वीं वर्षगाठ अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर जिला अपराध निरोधक कमेटी जौनपुर इकाई द्वारा जिला कारागार जौनपुर में आकर कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियो से राखी बंधवाया गया एवं कारागार में निरूद्ध बन्दियों को अपराध निरोधक कमेटी के सम्बन्ध में बताया गया। कारागार में निरूद्ध सभी बन्दियो को मिष्ठान वितरण कराया गया। अपराध निरोधक कमेटी के जिला उपाध्यक्ष डा० समर बहादुर सिंह, जिला मंत्री अद्या प्रसाद सिंह, जिला महासचिव प्रशान्त कुमार, ग्रह को नीरज श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव हिमांशु कुमार सिंह द्वारा बन्दियों को अपराध निरोधक कमेटी के सम्बन्ध में तथा रक्षाबन्धन पर्व के बारे में बताया गया। जेल अधीक्षक एस0के0 पाण्डेय एवं जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया द्वारा आये हुये कमेटी के सदस्यों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीकृष्ण पाण्डेय, कमेटी के सदस्य एवं कारागार के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अमृत महोत्सव के अन्तर्गत तिरंगा मार्च का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में होमगार्ड्स मुख्यलय उ०प्र० लखनऊ के निर्देशानुसार 12 अगस्त 2022 को अमृत महोत्सव के अन्तर्गत तिरंगा मार्च का आयोजन अम्बेडकर पार्क से मा० भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर मार्ल्यापण करते हुये जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर जिला कमाण्डेण्ट होमगार्ड्स जौनपुर ओ०पी० सिंह के नेतृत्व में तिरंगा मार्च की शुरूआत किया गया। तिरंगा मार्च अम्बेडकर पार्क से कचहरी होते हुये रोडवेज बस अडडा, टी.डी. कालेज होते हुये, लाइन बाजार से रेलवे क्रासिंग होते हुये जगदीशपुर जिला हामगार्ड्स कार्यालय पर यात्रा का समापन कर जवानों एवं समस्त अधिकारीयों एवं कर्मचारियों



को जिला कमाण्डेण्ट होमगार्ड्स जौनपुर द्वारा सम्बोधन किया गया कि अपने कर्तव्य के लिए निष्ठावान होकर कार्य करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर पुलिस अधिक्षक, पुलिस उपाधिक्षक एवं प्रभारी निरीक्षक यातायात जौनपुर एवं जनपद के समस्त वैतनिक अधिकारी/अवैतनिक अधिकारी एवं होमगार्ड्स स्वयंसेवक के जवान, महिला प्लाटून सम्मिलित थी।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत लोहिया पार्क मार्निंग वाक एसोसिएशन द्वारा लोगों को झंडा का किया गया वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत लोहिया पार्क मार्निंग वाक एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश चंद्र बरनवाल के नेतृत्व में झंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित कर 5100 झंडा वितरित किया गया हर घर तिरंगा हो चाहे ऑफिस हो चाहे घर तिरंगा हो जरूरी 75 वां अमृत महोत्सव के बने साक्षी कार्यक्रम में अपना दल एस के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने राष्ट्रध्वज गान गाकर कार्यक्रम का समापन किया। इस आशा और विश्वास के साथ की तिरंगा का ना हो अपमान तिरंगा का हो सम्मान झोपड़ी हो या महल तिरंगा हो जरूरी 13 से 15 तारीख तक हर घर में तिरंगा हो यह संकल्प लेकर हम सब को 3 दिन तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित



सुरेश यादव राजेश यादव ओम प्रकाश मौर्या रतन मौर्या पिंटू सिंह नवीन सिंह शिवा सिंह मास्टर राम कुमार माली बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## अंग दान के लिए समाज में जागरूकता की जरूरत : डॉ बिंदु सिंह

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : विश्व अंगदान दिवस प्रतिवर्ष 13 अगस्त को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगों को अंगदान के प्रति जागरुक करना और प्रेरित करना है। अंगदान दिवस दुनिया भर में अंग दान के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने और लोगों को इसके प्रति प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है।आज चिकित्सा विज्ञान ने बहुत प्रगति की है। आज हमारे पास आधुनिक दुनिया में अंग प्रत्यारोपण के माध्यम से जीवन बचाने की क्षमता है और अभी दुनिया भर में हजारों लोग हैं और जो अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे हैं।वैश्विक अंग की कमी को पूरा करने, जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए और आम जनता को प्रोत्साहित करने के लिए पूरे विश्व में इसे मनाया जाता है। अंगदान दिवस की पूर्व संध्या पर बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर की एनाटॉमी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ बिंदु सिंह ने साक्षात्कार के दौरान कहा कि अंग दान के लिए समाज में जागरूकता की जरूरत है। आज आधुनिक चिकित्सा विज्ञान बहुत कम समय में बहुत तेजी से विकसित हुआ है। अंग प्रत्यारोपण के इतिहास को देखें तो पहली बार सफल जीवित दाता अंग प्रत्यारोपण 1954 में संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ था। डॉ जोसेफ मरे ने 1990 में जुड़वां भाइयों रोनाल्ड और रिचर्ड हेरिक के बीच गुर्दा प्रत्यारोपण को सफलतापूर्वक करने के लिए फिजियोलॉजी और मेडिसिन में नोबल पुरस्कार जीता था।मध्यकाल में भी मानव इतिहास के ऐसे कई वृत्तांत थे जहां हमें अंग प्रत्यारोपण का उल्लेख मिलता है।लेकिन इस बारे में कोई सबूत नहीं है कि वे सफल रहे या नहीं। आज के चिकित्सा विज्ञान ने सुरक्षित रुप अंग प्रत्यारोपण के तरीकों को खोज लिया है। जिसके कारण आज दुनिया भर में हजारों लोगों की जान बचाने में मदद की है। मानव शरीर अंगदान दो तरह का होता



है।एक, जीवित अंगदान और दूसरा मृतक अंगदान। जीवित अंगदान में कोई जीवित व्यक्ति किडनी और पैंक्रियाज का कुछ हिस्सा दान कर सकता है।मृतक अंगदान में मृत व्यक्ति अपने कई अंग दान कर सकता है।यह प्रक्रिया अक्सर ब्रेन डेड लोगों के लिए अपनाई जाती है। अंगदान में 8 अंग शामिल हैं जिन्हें दान किया जाता है। मृत व्यक्ति का किडनी, लीवर, फेफड़ा, ह्रदय, पैंक्रियाज और आंत दान में दिया जा सकता है। साल 2014 में इस सूची में हाथ और चेहरे को भी शामिल कर दिया गया। कोई जिंदा व्यक्ति चाहे तो वह एक किडनी, एक फेफड़ा, लीवर का कुछ हिस्सा, पैंक्रियास और आंत का कुछ हिस्सा दान कर सकता है। आज दुनिया में हमने इंसानों की मदद के लिए अंग प्रत्यारोपण के सभी तरीके खोज लिए हैं। लेकिन फिर भी लोग पीड़ित हैं क्योंकि अधिकांश रोगियों को प्रत्यारोपण के लिए अंगों की सख्त जरूरत होती है। लेकिन दुनिया में अंग दाता की अत्यंत कमी हैं और जिसके कारण दुनिया में अधिकांश रोगी अंगों की कमी के कारण पीड़ित हैं।अंग प्रत्यारोपण के लिए हमें अन्य व्यक्तियों के कार्यात्मक अंगों की आवश्यकता होती है और वे व्यक्ति अंग दाता कहलाते हैं।और इस प्रकार इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए आम जनता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें अंग दान के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से विश्व अंग दान दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। अंग दान बहुत कठिन या बलिदान भी नहीं है क्योंकि अधिकांश अंग दाता मृत दाता होते हैं जिसका अर्थ है कि जब आप मरेंगे तो आपके अंग आपके शरीर में अच्छे समय के लिए क्रियाशील रहेंगे और उस दौरान केवल सर्जन ही आपके अंगों को किसी जरूरतमंद व्यक्ति को ट्रांसप्लांट करेंगे।यह एक बहुत अच्छा और नेक काम है लेकिन फिर भी अंगदान करने वाले लोग बहुत कम होते हैं क्योंकि ज्यादातर लोग जागरूकता के अभाव के कारण इसे करने से हिचकिचाते हैं। इसलिए इस दिन का प्राथमिक लक्ष्य लोगों की इस मानसिकता को बदलना और उन्हें अंगदान के लिए प्रोत्साहित करना है।

## जनपदीय विद्यालयी ताइक्वांडो प्रतियोगिता का हुआ समापन

जौनपुर डीकेयू कार्यालय प्रतिनिधि प्रत्यांशु तिवारी : जनपदीय माध्यमिक विद्यालयी ताइक्वांडो प्रतियोगिता 10 से 11 अगस्त तक नेहरू बालोद्यान इंटर कॉलेज कन्हईपुर वन विहार रोड जौनपुर में आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालय के छात्र, छात्राओं नें प्रतिभाग किया। जिसके मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा सचिव डॉ सुबाष चंद्र सिंह द्वारा उद्धघाटन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सी.डी. सिंह, प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार सिंह तथा सह सचिव ह्रदय कुमार सिंह,ताइक्वांडो महिला कोच शिवाली सिंह, अरविन्द सिंह, व्यायाम शिक्षक निखिल सिंह, संतोष कुमार पटेल, ताइक्वांडो कोच संजय पाल, उपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। जिसमें पहले स्थान पर जगमोहन पब्लिक स्कूल महरूपुर प्रेमापुर जौनपुर रहा। दूसरे स्थान पर नेहरू बालोद्यान इंटर कॉलेज कन्हईपुर जौनपुर व तीसरे स्थान पर महाराणा प्रताप इंटरमीडिएट



कॉलेज रामदियालगंज रहा।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पुलिसकर्मियों ने लगाई दौड़ : लोगों ने किया समर्थन

वाराणसी ब्यूरो : फूलपुर थाने के दरोगा और सिपाहियों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार को सुबह सफेद कपड़ो में हाफ मैराथन दौड़ कर एकता का संदेश दिया। सुबह फूलपुर से करखियाव एग्रो पार्क व फिर एग्रो पार्क से फूलपुर तक निकली 5 किमी हाफ मैराथन में दर्जनों दरोगा व सिपाहियों ने इंस्पेक्टर जगदीश कुशवाहा के नेतृत्व में दौड़ लगाई। जिसे देखने के लिए खड़ी आम जनता ने उनके लिए ताली बजाकर समर्थन किया और वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस दौरान मैराथन दौड़ में एसआई घनश्याम गुप्ता, शेषनाथ गोंड़, अखिलेश कुमार, रवि प्रकाश यादव, रुद्र प्रताप सिंह समेत अनेक दरोगाओं ने भाग लिया। वहीं देर शाम वर्दी में अमृत अभियान के तहत पिंडरा बाजार में तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों को हर घर झंडा निकालने का आह्वान किया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## जिलाधिकारी ने विशाल तिरंगा यात्रा का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

जौनपुर सू.वि. : जनपद के होली चाइल्ड एकेडमी में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसके शुभारंभ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली के उपरांत जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के वीर सपूतों एवं शहीदों के देश के प्रति दिये गए




कुर्बानियों से जन–जन की प्रेरणा के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि अपने अपने अभिभावकों को हर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह आजादी अनगिनत लोगों के कुर्बानियों के उपरांत मिली है जिसे सहेज कर रखना हमारा परम कर्तव्य है। मुख्य विकास अधिकारी ने साई सीलम तेजा ने कहा कि इन कार्यक्रमों के तहत पूरे जनपद में विविध प्रकार के देशभक्ति एवं साँस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह व हर घर तिरंगा कार्यक्रम को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाएं। अपने घरों पर सम्मान पूर्वक राष्ट्रीय ध्वज लगाएं। इस अवसर पर उदय प्रताप सिंह, पप्पू रघुवंशी सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जनपद में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए जा रहे आयोजित

जौनपुर सू.वि. : आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जनपद में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा स्वतंत्रता सेनानी बाबू रामेश्वर प्रसाद सिंह जी की धर्मपत्नी 115 वर्षीय महारानी देवी जी को उनके आवास पर तिरंगा एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने महारानी देवी जी से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। महादेवी जी ने जिलाधिकारी से आजादी के लिए किए गए संघर्षों को साझा किया। महारानी देवी जी की पुत्र वधु विमला सिंह ने बताया देश की आजादी में बाबूजी शुरुआत से ही सक्रिय थे और देश के लिए कई बार वह जेल भी गए। बाबू रामेश्वर सिंह जी का निधन 05 अगस्त 1982 को हुआ है और महारानी देवी जी भी देश की आजादी में अपना योगदान देती रही है। महादेवी जी 115 वर्ष की हो चुकी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, समाजसेवी शमशेर शेख, सलमान शेख आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस के जवानों ने निकली तिरंगा यात्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में हर घर तिरंगा



अभियान के तहत आज जनपद के थाना बदलापुर,थाना खेतासराय व थाना महराजगंज पुलिस द्वारा तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**जीवन में मेरा–मेरा करके मर जानें से बेहतर है तेरा–तेरा करके तैर जाना।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान : सत्ता से बाहर होते ही घिरे इमरान

इस्लामाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से संबंधित एक नया राजनीतिक ड्रामा सामने आया है। कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। आज इमरान अपने राजनीतिक करियर में सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहे हैं, क्योंकि चुनाव आयोग ने उन पर विदेशी फंडिंग नियंत्रक कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

अक्सर हमें सोशल मीडिया की तीखी आलोचना सुनने को मिलती है और यह कि कैसे यह समाज में कई बुराइयों के लिए जिम्मेदार है। लेकिन हमेशा से मेरा मानना है कि आधुनिक तकनीक में कुछ भी न तो सौ फीसदी सही होता है और न ही सौ फीसदी गलत। यह सब उपयोगकर्ताओं और भेजे जा रहे संदेशों पर निर्भर है। अगर सोशल मीडिया न होता, तो लापता भारतीय नागरिक हमीदा बानो नहीं मिलतीं, जो अब अपने घर लौटने का इंतजार कर रही हैं। वह 20 साल से गायब थीं, लेकिन अब सोशल मीडिया ही उनके सपनों को पूरा करने में मदद कर रहा है।

यह एक लंबी कहानी है कि कैसे हमीदा बानो पाकिस्तान पहुंचीं, लेकिन जब एक व्यक्ति ने उनका वीडियो ऑनलाइन अपलोड किया, तो पाकिस्तान सरकार और इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग उनकी मदद करने के लिए आगे आया और अब उन्हें भारत भेजने की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इससे पहले, जब एक अन्य मामले में एक बुजुर्ग भारतीय महिला विभाजन के दौरान छोड़े गए अपना घर देखने के लिए रावलपिंडी आना चाहती थीं, तो सोशल मीडिया ने ही उनकी पाकिस्तान यात्रा को साकार किया।

हालांकि पाकिस्तान और भारत, दोनों मुल्कों की नौकरशाही लालफीताशाही की गिरफ्त में है, लेकिन यह राजनेताओं तक पहुंच और लोगों का दबाव है, जिसने कई मामलों में मदद की है। याद कीजिए, जब 92 वर्षीय रीना वर्मा सोशल मीडिया के जरिये अपने दोनों तरफ के दोस्तों की मदद से रावलपिंडी आना चाहती थीं, तो पाकिस्तान की राज्यमंत्री हिना रब्बानी ने संज्ञान लिया और ट्वीट किया कि वह रीना वर्मा के लिए वीजा सुनिश्चित करेंगी। उनके सपने आखिरकार सच साबित हुए।

इस बीच, इस्लामाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से संबंधित एक नया राजनीतिक ड्रामा सामने आया है। कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए इंसाफ (पीटीआई) इमरान खान को छोड़कर कोई नया विकल्प तलाशेगी और क्या उन्हें पीटीआई के प्रमुख पद से हटा दिया जाएगा? आज इमरान खान अपने राजनीतिक करियर में सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहे हैं, क्योंकि चुनाव आयोग ने उन पर विदेशी फंडिंग नियंत्रक कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

यह निर्णय चुनाव आयोग के तीनों सदस्यों ने सर्वसम्मति से लिया। मूल रूप से चुनाव आयोग ने इमरान खान पर पीटीआई की फंडिंग के स्रोतों की गलत घोषणा करने का आरोप लगाया है, जहां भारतीय और विदेशी व्यापारिक समूहों सहित विदेशी नागरिकों ने पीटीआई के लिए धन भेजा था। एक राजनीतिक विश्लेषक का कहना है, 'कानून तोड़ना और संविधान का उल्लंघन करना निश्चित रूप से इमरान खान के लिए कोई बड़ी बात नहीं है।'

दिलचस्प बात यह है कि इमरान खान के खिलाफ विदेशी फंडिंग का मामला आठ साल से लंबित था। इस पूरे समय और विशेष रूप से जब वह प्रधानमंत्री थे, इमरान खान ने देरी करने की रणनीति का इस्तेमाल किया और मामले को धीमा करने की पूरी कोशिश की। पद से हटने और यह जानने के बाद, कि इस मामले का फैसला आने वाला है, पूर्व प्रधानमंत्री ने मुख्य चुनाव आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग की थी। इसमें कोई रहस्य नहीं कि सैन्य प्रतिष्ठान ने भी, जो तब इमरान खान के समर्थन में था, मामले को लटकाने में मदद की।

अब जब खान और सैन्य प्रतिष्ठान के बीच तनातनी है, जिसकी मदद से उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, तो अचानक चुनाव आयोग का फैसला भी आ गया। पूर्व संपादक और एंकर मुहम्मद मलिक शायद इसे अच्छी तरह से समझाते हैं कि 'पाकिस्तान में अधिकांश घटनाओं को पूर्व–निर्धारित माना जाता है, अनुकूल फैसले के लिए राजनीतिक पर्दे पर युद्धरत पक्षों द्वारा अंपायर की मंजूरी पाने का खेल खेला जाता है।'

हालांकि वह बताते हैं कि अंपायर या प्रतिष्ठान क्रूरतापूर्वक अपने पसंदीदा चुन रहे हैं, कैनवास में हेराफेरी कर रहे हैं और पसंद के व्यक्ति को विजेता बना रहे हैं। लेकिन जैसा कि क्रम परिवर्तन के सभी मामलों में होता है, ऐसे बदलाव की अवधि छोटी होती है और आंतरिक क्षरण के विस्तार लेने में अधिक समय नहीं लगता है। चूंकि ऐसी व्यवस्थाएं कार्यकाल पूरा नहीं करतीं, इसलिए लोगों ने इमरान खान की सरकार को गिरते हुए भी देखा।

शाहबाज शरीफ सरकार और इमरान खान की पीटीआई, दोनों ने अब अदालतों का दरवाजा खटखटाया है। यह कानूनी लड़ाई लंबी चलेगी, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि तुरंत आम चुनाव कराए जाने के कोई संकेत नहीं हैं। क्या देश में चुनाव से पहले अदालतों के फैसले आ जाएंगे? अब पीटीआई को प्रतिबंधित करने की चर्चा भी हो रही है, लेकिन बेहतर समझ से काम लेना चाहिए। पाकिस्तान के इतिहास से पता चलता है कि किसी भी राजनीतिक दल पर प्रतिबंध लगाना कभी कारगर नहीं रहा।

अतीत में असैन्य नेताओं और जनरलों, दोनों ने राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगाया, लेकिन उनके प्रयास विफल रहे हैं। अलबत्ता इमरान खान द्वारा चुनाव आयोग के नियमों के उल्लंघन की गंभीरता के कारण उन्हें आजीवन अयोग्य ठहराए जाने का खतरा है। इससे वह अच्छी तरह से वाकिफ हैं और अब एक बार फिर से विशाल जलसों के जरिये पलटवार की कोशिश कर रहे हैं, जिसे अतीत में बहुत अनुकूल प्रतिक्रिया मिली है।

इमरान खान की सार्वजनिक बहादुरी के बावजूद उनकी 'स्वच्छ छवि' पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं की नजर में खराब हुई है, जो अब आने वाले हर दिन यह दिखाने के लिए पार्टी छोड़ रहे हैं कि पार्टी के फंड का गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया और उसे निजी खाते में डाल दिया गया। अंग्रेजी दैनिक न्यूज इंटरनेशनल लिखता है कि आखिरकार अदालत का नहीं, बल्कि मतपेटी का फैसला ही अंतिम होना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# मादक पदार्थों का सेवन मानव जीवन के लिए हानिकारक –दीपक कुमार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आजादी का अमृत महोत्सव के तहत नेहरू म्युनिसिपल कन्या इण्टर कालेज में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मादक पदार्थों के सेवन से बचने के लिए लोगों को संदेश दिया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद शाहाबाद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दीपक कुमार ने कहा कि आज का युवा नशे की लत का आदी हो रहा है। जिसके परिणाम भी समाज में शारीरिक व आर्थिक हानि के रूप में देखने के लिए मिल रहे हैं। विषय विशेषज्ञ अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि नशीली दवाओं के सेवन से मानव शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ता है। कहा कि मादक पदार्थों का सेवन और उपयोग मानव जीवन के लिए कई तरह से हानिकारक साबित हो रहा है। सभी को मिलकर समाज में जागरुकता बढ़ानी चाहिए। युवाओं को नशे की लत से बचना चाहिए। सफाई निरीक्षक दीपक कुमार ने नशे के दुष्प्रभाव से दूर रहने स्वस्थ जीवन



यापन की शपथ छात्राओं और कालेज स्टाफ को शपथ भी दिलाई। इस दौरान आदर्श राष्ट्रीय इण्टर कालेज के सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य राधे श्याम दीक्षित, प्रधानाचार्या नुरुल हुमा,शिक्षिका आयशा परवीन,भैरवी अग्निहोत्री, शशी शुक्ला,वंदना दीक्षित,वैशाली यादव,वर्तिका शुक्ला,रुचि देवी, ऊषा देवी, पुष्पांजलि श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे । संचालन वर्तिका शुक्ला ने किया।

## जोनल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य ने लखनऊ जंक्शन एवं चारबाग रेलवे स्टेशन के कई क्षेत्रों का किया निरीक्षण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेलयात्रियों के प्रति भारतीय रेल द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यो तथा रेलयात्रियों को मिल रही सुविधाओं के परिप्रेक्ष्य में रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (छत्न्ब्ब्) के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम, जोनल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव, उत्तर रेलवे नई दिल्ली की स्वाती पटेल, उत्तर मध्य रेलवे के ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव, उत्तर रेलवे के (क्त्न्ब्ब्) सदस्य कमरूद्दीन, पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ जंक्शन एवं उत्तर रेलवे के लखनऊ (चारबाग) रेलवे स्टेशन के कई क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए जानकारी प्राप्त किया। रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्यों द्वारा दोनों प्रमुख रेलवे स्टेशनों के भ्रमण में प्रतीक्षालय, प्लेटफार्म, भोजनालय, शौचालय तथा पूंछतांछ कार्यालय समेत कई स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के सहायक वाणिज्य प्रबन्धक एस0के0 शंखवाल, स्टेशन निदेशक अरविन्द पाण्डेय, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ए0एम0 चर्तुवेदी, सी0आई0टी0 अफजाल अहमद, रेल सुरक्षा बल निरीक्षक ए0के0 सिंह, उत्तर रेलवे लखनऊ के स्टेशन निदेशक आशीष




सिंह, आई0ओ0डब्लू0 रोहित, सी0एम0आई0 जोशी, प्लेटफार्म इंस्पेक्टर राकेश कनौजिया, सी0आई0टी0 आर0के0 टण्डन, डिप्टी एसएस अरविन्द बघेल, एसएससी इलेक्ट्रिक आर0के0 पाण्डेय तथा रेल सुरक्षा बल सहित काफी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। समिति के सदस्यों ने पूर्वोत्तर रेलवे एवं उत्तर रेलवे द्वारा रेल यात्रियों की सुख सुविधा के परिप्रेक्ष्य में किये जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# वयोश्रेष्ठ मन्दिरम् (वृद्धाश्रम) अल्लीपुर हरदोई में बड़े धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ।सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित वयोश्रेष्ठ मन्दिरम् (वृद्धाश्रम),अल्लीपुर, हरदोई में बड़े धूमधाम से रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। वृद्धाश्रम में रहने वाली माताओ ने वृद्धाश्रम मे निवासरत बुजुर्गों की कलाइयों पर राखी बांध कर उनके भविष्य के लिए मंगल कामनाएं की । साथ ही मिष्ठान खिलाकर जीवन में मिठास से भर जाए ऐसी शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर आश्रम के बाबाओं ने सभी महिला संवासियो को बहन के रूप में प्यार व सम्मान देने का वचन दिया। इस आश्रम में सभी संवासी एक दूसरे के साथ भाई–बहन के रूप में पारिवारिक भावना के साथ रहते हैं। रक्षाबंधन भैया दूज जैसे त्यौहार एक साथ मिलकर मनाते हैं। इस अवसर पर सर्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान के निदेशक डॉ शीर्षेन्दु शील ''विपिन'' ने कहा कि यह आश्रम वास्तव में हमारा परिवार है। जिस प्रकार हम सब लोग परिवार में रक्षाबंधन, भैया दूज ,होली दीपावली आज त्यौहार रीति रिवाज के अनुसार बनाते हैं। हम सब आश्रम में रहने वाले



संवासी, कार्यकर्ता बंधु , संस्थान परिवार के सदस्य आपस में पारिवारिक स्नेह पूर्ण वातावरण में सभी त्योहारों को अच्छी प्रकार से मनाते हैं यह त्यौहार हम सबके जीवन में एक नया उल्लास उमंग भरते हैं इस अवसर पर आश्रम के समस्त कार्यकर्ता बंधु , 107 बाबा और दादी साथ ही आश्रम प्रबंधक पारुल गुप्ता मेघा, मोनी ,सीता , पूजा, नैतिक निर्भय रमाकांत ,अनिल ,शिवम हिमांशु रामा रजनीश आदि समस्त कार्यकर्ता बंधु होने त्यौहार को उसने आत्मीय ढंग से मनाया जाता है।

## उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान में 13 अगस्त शनिवार को राजधानी में केडी सिंह बाबू स्टेडियम से निकलेगा '' विशाल तिरंगा मार्च''

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान में 13 अगस्त ,शनिवार को शाम 4 बजे व्यापारियों ने ''विशाल तिरंगा मार्च'' निकालने की की तैयारी की है संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया 13 अगस्त ,शनिवार को के डी सिह बाबू स्टेडियम से ''विशाल तिरंगा मार्च'' निकला जायेगा '' तिरंगा मार्च'' में राजधानी की विभिन्न बाजारो के व्यापारी, लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडे, राजधानी के अधिवक्ता,पत्रकार,फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी भारी संख्या में शामिल होंगे तिरंगा मार्च के प्रभारी अनिरुद्ध निगम ने बताया राजधानी की 100 से अधिक विभिन्न बाजारो के व्यापारी वाहनो से अपनी बाजारो से ''तिरंगा रैली'' निकालते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम पहुंचेंगे वहां से तिरंगा मार्च में शामिल होंगे संगठन के उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ने बताया तिरंगा मार्च को लखनऊ की कमिशनर डॉ रोशन जैकब द्वारा झंडी दिखाया जाएगा तथा उपाध्यक्ष लखनऊ




विकास प्राधिकरण डॉ इन्द्र्मणी त्रिपाठी विशेष रुप से मौजूद रहेंगे उन्होंने बताया तिरंगा मार्च केडी सिंह बाबू स्टेडियम से शुरु होकर साहू सिनेमा, अटल चौराहा, केपिटल सिनेमा के सामने से होते हुए, नगर निगम, लालबाग होते हुए केडी सिंह बाबू पर पूर्ण होगा।

# गोरखपुर–सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे के लिए जल्द शुरू होगी भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर–सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की तरफ से दो अगस्त को सक्षम प्राधिकारी की नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी की गई है। तीनों जनपद के सक्षम प्राधिकारी भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई पूरी करेंगे। एक्सप्रेसवे तीन जिलों से होकर जाएगा। कुल 111 गांवों में गोरखपुर जनपद के चौरीचौरा तहसील के 14, कुशीनगर के हाटा तहसील के 19, कसया तहसील के 13 व तमकुहीराज तहसील के 42 और देवरिया जिले के सदर तहसील के 23 गांवों की भूमि अधिग्रहित की जाएगी। गोरखपुर से सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई करीब 520 किलोमीटर है, जिसमें 84.400 किलोमीटर हिस्सा यूपी यानी गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर जनपद में पड़ेगा। यह राष्ट्रीय राजमार्ग चार लेन का बनेगा। साथ ही ग्रीनफील्ड हाईवे के रूप में विकसित होगा। बाईपास भी बनाए जाएंगे। गोरखपुर जनपद के प्रभावित गांव चौरीचौरा तहसील के अंतर्गत ब्राहिमपुर, मलमलिया, भटगांवा, बैकुंठपुर, छपरामंसूर, बिसम्भरपुर, पकड़ी, मठिया बुजुर्ग, बेलवा बुजुर्ग, मठिया पचपेड़, माड़ापार, आराजी बसडीला, डुमरीखास, बढ़या बुजुर्ग शामिल है। कुशीनगर जिले के प्रभावित गांव तहसील हाटा के अंतर्गत पड़री, अहिरौली तप्पा बछौली, बरवा, अहिरौली तप्पा वंचरा, मुंडेरा, भिस्वा मठवालागिर, पिपरा लालमन, अवरवा, संखापार माफी, परसिया, अहिरौली, पिडरा, रामपुर सोहरौना, मोतीपाकड़ श्रीकान्त, बेलवा, चतुरचक, मठिया, अहिरौली तप्पा बिंदुवार, बलुआ रामपुर श्रीपाल गांव शामिल है। वहीं तहसील कसया के अंतर्गत सिरसिया खोहिया, धुरिया, महुअवा, अन्ध्या, कुड़वा उर्फ दिलीपनगर, सोहंग, रजवाबर, कृपा पट्टी, देहवा पट्टी, धुधवलिया, दहारी पट्टी, मधुरिया, सरैया महंथ पट्टी शामिल है। इसके लिए अलवा तमकुहीराज तहसील के अंतर्गत गांगीटीकर, पड़री, किशुनदास पट्टी, महुअवा खुर्द, बतरौली, सपहा, सेमरा हरदो पट्टी, सपही खास, सपही बुजुर्ग, सपही खुर्द, चंद्रोटा, करमैनी, भैंसहा, पाण्डेयपुर, बभनौली, खुदुरा अहिरौली, बनरहा पच्छिम पट्टी, अहिरौली तलवन्त शाही, बनरहा पूरब पट्टी, अहिरौली हनुमान सिंह, हाता, गौरी नरोत्तम, गौरी इब्राहिम, पकड़ियार पच्छिम पट्टी, पकड़ियार पूरब पट्टी, हरखौली, सुमही मोहन सिंह, सुमही बुजुर्ग उर्फ मेहदिया, मेहदिया खुर्द, परसा उर्फ सिरसिया एहतमाली, घघवा जगदीशपुर एहतमाली, संग्रामपुर, जगदीशपुर, कितामल ताल, सपही, बसन्तपुर राजा, मठिया, टडवा, दवनहा, कोटवा, जवही दयाल, पकड़ी गोंसाई आदि शामिल है। देवरिया जिले के प्रभावित गांव तहसील सदर के अंतर्गत बेलवापाण्डे, वंसहिया, करज, चौनपुर, भिस्वा, महुअवा बजराटार, बालकुआ, मड़पा, मुंडेरा उर्फ बलुअही, जिगनी राजा, मुंडेरा उर्फ देउरवा, शाहजहांपुर, सोनबरसा, देसही देवरिया, जैसवली, पड़ियापारत पड़ियारपार, कोन्हवलिया भरथराय, रामपुर खास तप्पा तरकुल, विक्रम विशुनपुर, चिउरहा, इमलिया उर्फ भगवानपुर, भिस्वा तप्पा चकदेईया, पियरुआ आदि गांव शामिल है। ''सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की तरफ से सक्षम प्राधिकारी की नियुक्ति के संबंध में अधिसूचना दो अगस्त को जारी की गई है। यह अधिसूचना केंद्र सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा तीन के तहत की गई है। भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई के लिए प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।''

–सीएम द्विवेदी, परियोजना निदेशक, एनएचएआइ, कार्यालय गोरखपुर।

## 'आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में भारतीय किसान मंच ने आयोजित की भव्य तिरंगा यात्रा' – देवेन्द्र तिवारी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत सीतापुर जनपद में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री चौधरी अनिल कुमार राज (प्रिंसराज) ने मुख्य रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सचिव शैलेंद्र राज ने की। इस कार्यक्रम के तहत नागरिकों ने अपने हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर शहर के हर गली, मोहल्ले व चौक चौराहों से पैदल यात्रा निकाली तथा समस्त नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। देश की आजादी व देश पर शहीद हुए लाखों



भारतीयों की याद दिलवाने तथा देश के प्रति सम्मान में बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से यह राष्ट्रपर्व धूमधाम से मनाने की अपील की है। इसी के तहत जनपद सीतापुर में बुधवार को इस तिरंगा यात्रा को निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि आगामी 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक नागरिक अपने–अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर पूरे गर्व और सम्मान के साथ राष्ट्र ध्वज तिरंगा को अवश्य फहराएं तथा शहीदों को याद करें।

## डाक्टरों द्वारा बाहर की दवाइयां लिखना पड़ा भारी सीएमएस ने दिया नोटिस : शनिवार को बुलाया समस्त स्टाफ की मीटिंग

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शुक्रवार का दिन मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ एससी कौशल के लिए काफी परेशान करने वाला साबित हुआ, लगातार डाक्टरों द्वारा मरीजों को बाहर की दवाइयां लिखने की खबरें सोशल प्लेटफार्म पर वायरल होने से सीएमएस डॉ एससी कौशल ओपीडी से इमरजेसीं तक औचक निरीक्षण करते दिखे, आखिर में सीएमएस ने कार्रवाई का मन बनाते हुए आनन–फानन में अस्पताल के समस्त डाक्टर व फार्मासिस्टो को नोटिस जारी करते हुए शनिवार को तलब कर लिया है, सूत्र बताते है की इसबार सीएमएस काफी सख्त दिखाई दे रहे हैं, बाहर की दवाइयां लिखने वाले डाक्टरों पर सीएमएस द्वारा चाबुक चलाई जा सकती है, साथ ही कई डाक्टरों व फार्मासिस्ट को नोटिस जारी की जा सकती है, यही नही अस्पताल की इमरजेसीं में औचक निरीक्षण के दरम्यान एक संदिग्ध से सीएमएस द्वारा पूछे जाने पर सही जवाब ना मिलने के चलते उसपर भी कार्रवाई हो सकती है, बाहर की दवाइयां लिखने के संबंध में जब मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ एससी कौशल से बात की गई तो उन्होनें बताया की मुझे सोशल मीडिया पर वायरल खबर के बारे में जानकारी हुई है, मैने शनिवार को समस्त स्टाफ की मीटिंग बुलाई है, डाक्टरों द्वारा बाहर से लिखी गई दवाइयों के साक्ष्य इकट्ठे किये जा रहे है, जिस डाक्टर ने भी



बाहर की दवाइयां लिखी होगी, उसके विरूद्ध उच्चाधिकारियों तक कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। उन्होनें बताया की अस्पताल के इमरजेसीं से लेकर ओपीडी तक सीसीटीवी कैमरा लगा है, मेरे द्वारा लगातार नजर रखी जाती है, इमरजेसीं से लेकर ओपीडी और ओटी तक में यदि मुझे कोई संदिग्ध दिखता है तो मैं स्वयं मौके पर पहुंचकर जानकारी हासिल करता हूँ, बावजूद इसके यदि ऐसी समस्या किसी भी मरीज या उनके परिजनों को होती है तो सीधे मेरे कार्यालय में आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, मौके पर ही समस्या का हल होगा और जिस डाक्टर और फार्मासिस्ट के द्वारा ऐसा कृत्य किया गया होगा, उसके विरूद्ध कार्यवाही होगी।

## जनरल सैल्यूट मेंटर्स डिफेंस अकादमी में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य हेतु विधिपूर्वक रक्षाबंधन का मनाया पर्व

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जनरल सैल्यूट मेंटर्स डिफेंस अकादमी सेक्टर ६ वृंदावन कॉलोनी रायबरेली रोड लखनऊ में रक्षाबंधन उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आचार्यों ने विधिपूर्वक हवन पूजन किया। छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि यह डिफेंस अकादमी सेना के चार उच्च अधिकारियों द्वारा संचालित है। अकादमी में ब्रिगेडियर यश पाल



सिंह और कर्नल रामेंद्र सिंह ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विधिपूर्वक रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

# न्याय करते समय अदालतों को व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत : हाईकोर्ट

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि सांविधानिक न्यायालयों को न्याय करते समय व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। न्यायालयों का यह प्रयास होना चाहिए कि सभी को निष्पक्ष और व्यवहार पूर्ण न्याय मिले। बेईमानीपूर्ण कार्रवाई को हतोत्साहित करने के लिए यथार्थपूर्ण लागत और मुआवजे का आदेश पारित करना चाहिए। हाईकोर्ट ने मामले में याची (रियल स्टेट कंपनी) को न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) द्वारा पट्टा न किए जाने पर नाराजगी जताई और उसके द्वारा जमा की गई राशि 62 करोड़, नौ लाख, 59 हजार, 254 रुपये की राशि आदेश की प्रति मिलने के 45 दिनों के अंदर वापस करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दीवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने लॉजिक्स बिल्डवेल प्राईवेट लिमिटेड की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया। याची की ओर से तर्क दिया गया कि अथॉरिटी ने 2011 में 50 हजार स्क्वॉयर मीटर कामर्शियल भूमि लीज पर देने के लिए टेंडर निकाला था। याची ने सबसे ऊंची बोली



लगाई और 62 करोड़, नौ लाख, 59 हजार, 254 रुपये की राशि विभिन्न किश्तों में जमा कर दी। लेकिन प्रतिवादी अथॉरिटी ने पट्टा विलेख निष्पादित नहीं किया था। याची ने पट्टा आवंटन को रद्द करने और पूरी राशि को वापस करने की मांग की। कोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी अपने दायित्वों के निर्वहन करने में असफल रहे हैं। इसलिए याची अपने द्वारा जमा की गई रकम को पाने का हकदार है।

# शान से फहरा तिरंगा : आजादी के अमृत महोत्सव का हुआ आगाज

अलीगढ़ ब्यूरो : आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी के अमृत महोत्सव की शुरुआत बृहस्पतिवार से हो गई। इसे लेकर पुलिस प्रशासन सहित अलग–अलग महकमों ने कायक्रम आयोजित किए। जगह जगह तिरंगा शान से फहराया गया। इसके अलावा जिले भर में अन्य तमाम संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस भवनों–वाहनों पर फहराए तिरंगे अमृत महोत्सव की शुरुआत के दिन पुलिस महकमे द्वारा पुलिस लाइन सहित सभी पुलिस भवनों और वाहनों पर तिरंगे फहराए गए। मुख्य कार्यक्रम में पुलिस कार्यालय पर एसएसपी कलानिधि नैथानी ने तिरंगा फहराया और सलामी दी। इसके बाद सभी पुलिस भवनों व सरकारी वाहनों पर तिरंगे लगाकर राष्ट्रगान किया गया। इसी क्रम में डीआईजी दीपक कुमार व एसएसपी कलानिधि नैथानी ने पुलिस लाइन के राजकीय आवास ब्लॉक पर तिरंगा फहराया। इसके बाद श्रमदान के तहत पुलिस भवनों में सफाई अभियान चलाया गया। साथ में एसएसपी ने साफ–सफाई को टिप्स दिए और इससे होने वाले लाभ गिनाए। इस मौके पर एसपी सिटी कुलदीप सिंह गुणावत, एसपी देहात पलास बंसल, एसपी यातायात मुकेश चंद्र उत्तम सहित सभी सीओ मौजूद रहे। नगर निगम ने निकाली तिरंगा रैली, उमडी भीड़ नगर निगम द्वारा घंटाघर से तिरंगा रैली निकाली गई। इसका शुभारंभ सांसद सतीश गौतम, मेयर मो. फुरकान, विधायक अनिल पाराशर, एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त गौरांग राठी आदि ने किया। इस दौरान घंटाघर राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत की धुनों से गुंजायमान रहा। यह रैली विभिन्न मार्गों



से भ्रमण कर वापस सेवा भवन पर संपन्न हुई। इसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चे व सामाजिक संगठनों के लोग, पार्षद, नगर निगमकर्मी आदि मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से एएमए अरुण कुमार गुप्त, पुष्पेंद्र सिंह जादौन, एसएनए राज किशोर प्रसाद, ठाकुर प्रसाद, पूजा श्रीवास्तव, एहसान रब आदि मुख्य रूप से थे। पूर्व मंत्री ने बरौली में निकाली तिरंगा यात्रा पूर्व मंत्री व विधायक ठा. जयवीर सिंह के नेतृत्व में बरौली क्षेत्र में छेरत प्रिंस पैलेस से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आजादी की अलख में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को याद करने का यह महान अवसर है। आजादी के 75वें वर्ष को हम अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। पूर्व मंत्री ठा.जयवीर सिंह ने कहा कि हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग व बलिदान को भी याद करना चाहिए जिन्होंने बड़ी–बड़ी कुर्बानियां देकर भारत माता की बेड़ियां काटी थीं। इस दौरान यात्र ने बरौली क्षेत्र में भ्रमण कर हर घर तिरंगा अभियान की सफलता का आह्वान किया। इस मौके पर इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष एमएलसी चौधरी ऋषिपाल सिंह, छर्रा विधायक रविंद्र पाल सिंह, प्रभारी श्रीचंद्र शर्मा, सुनील पांडेय आदि मौजूद थे।

# महिलाओं का भड़क उठा गुस्साः अलीगढ़ में रक्षाबंधन पर बसें ना मिलने पर लोगों ने किया जमकर हंगामा

अलीगढ़ ब्यूरो : रक्षाबंधन पर मुफ्त यात्रा के दावों के बीच बृहस्पतिवार को भाइयों के घर जा रही महिलाओं को रोडवेज की बसों की भारी कमी का सामना करना पड़ा। घंटों इंतजार के बाद भी मसूदाबाद बस स्टैंड पर बसें नहीं पहुंची तो महिलाओं का गुस्सा भड़क उठा। दोपहर के समय नारेबाजी करते हुए महिला यात्रियों ने मसूदाबाद बस स्टैंड के सामने जीटी रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान बसों के न रुकने पर कई बसों पर पत्थर तक फेंके। परिवहन निगम के अफसरों पर भड़कते हुए महिला यात्रियों ने कहा कि ऐसी मुफ्त सेवा का क्या फायदा जब बस ही न मिल रही? भले ही किराया लिया जाए लेकिन बसें तो मुहैया हों। किसी तरह अफसरों ने बसें बुलाकर महिलाओं का गुस्सा शांत कराया। बृहस्पतिवार को शहर के गांधी पार्क, मसूदाबाद एवं सारसौल सेटेलाइट बस स्टैंड पर यात्री बसों के लिए भटकते रहे। मसूदाबाद बस स्टैंड पर बसें न पहुंचने पर नारेबाजी करते हुए महिलाएं जीटी रोड पर बैठ गईं और जाम लगा दिया। इसी बीच वहां से निकल रही बसों के न रुकने पर कई गाड़ियों पर पत्थर तक फेंके। हालांकि इससे बसों में कोई नुकसान नहीं पहुंचा। जाम की सूचना पर बन्नादेवी पुलिस के साथ ही परिवहन निगम के अधिकारी पहुंच गए। उन्हें भी महिलाओं के गुस्से का शिकार बनना पड़ा। परिवहन निगम के अधिकारियों ने दो खाली बसें मंगवाकर यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए भेजा तब जाम व हंगामा शांत हो सका। तीस हजार महिलाओं ने की मुफ्त यात्रा परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक शारदा सिंह



ने बताया कि शासन से रक्षाबंधन पर दो दिन तक रोडवेज की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की व्यवस्था की गई है। साधारण, जनरथ या वातानुकूलित किसी भी बस में महिलाएं शुक्रवार की रात 12 बजे तक निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। शहर में चलने वाली स्मार्ट सिटी बस सेवा में भी बहनों को मुफ्त सफर कराया जा रहा है। यात्रियों की संख्या को देखते पर्याप्त बसों के साथ नई मिली बसों को भी विभिन्न रूटों पर दौड़ाया गया है। कुछ बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं। पहले दिन करीब 30 हजार महिलाओं ने मुफ्त यात्रा की है। बसों, ट्रेनों में भीड़, नहीं मिली जगह रक्षाबंधन पर ट्रेनों व बसों में यात्रियों की भीड़ रही। सीटों के लिए खासी मारामारी रही। कानपुर रूट की सभी ट्रेनों में यात्रियों की संख्या अधिक थी। दिल्ली–कानपुर रूट पर यात्रियों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। ट्रेनों में न तो कंफर्म टिकट मिल रही है और न ही उनमें कोच बढ़ाए गए हैं। इस बार दिल्ली–अलीगढ़ रूट पर स्पेशल ट्रेनें भी नहीं चलाई गईं न पैसेंजर ट्रेनों के फेरे बढ़ाए गए हैं।

# तिरंगा वितरण एक पर्व है – राकेश श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तिरंगा भारत की आन बान शान है आजादी के बाद पहली बार अब देश का हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराने जा रहा है। उक्त विचार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष संगत पंगत के सरंक्षक राकेश श्रीवास्तव द्वारा सामाजिक संगठन संगत पंगत जौनपुर द्वारा शुक्रवार को आयोजित कबूलपुर गाँव मे संगठन के जिला उपाध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव के आवास पर तिरंगा वितरण कार्यक्रम में उपस्थित



लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजों के काले कानून के कारण लोग अपने ही देश मे अपने घर तिरंगा नही फहरा पाते है। अब हिंदुस्तान का हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने जा रहा है। देश मे पहली बार एक राष्ट्रहित उत्सव का माहौल तैयार हुआ है।प्रदेश सह संयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया ने कहा कि संगत पंगत के संस्थापक आरके सिन्हा पूर्व राज्यसभा सांसद के आह्वान पर पूरे देश मे संगत पंगत तिरंगा वितरण कार्यक्रम कर रहा है। जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि तिरंगा वितरण एक पर्व है ।जिसे देशवासियों द्वारा जोरदार ढंग से मनाया जा रहा है। कोई घर न छुटे तिरंगा हर घर लग जाये इसकी चिंता हर नागरिक स्वंय करें। ग्राम प्रधान मो मोजम्मिल ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की शान है। सभी लोग इन तिरंगे को अपने घर पर लगाये । लेकिन ध्यान दे कि तिरंगे का अपमान न हो पाए। और बाद में समय पूरा हो जाये तो उतार कर इसको घर मे रख ले। संगत पंगत संस्था बहुत अच्छा कार्य कर रही हम सभी को संगठन का भरपूर सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर अनुपम श्रीवास्तव,दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव पत्रकार , शरद श्रीवास्तव, सत्यम श्रीवास्तव , शुशील श्रीवास्तव , संजय श्रीवास्तव, मोनू श्रीवास्तव, चंद्रसेन चौहान, सूर्यदेव चौहान, अभिषेक चौहान, सुरेश चौहान, रंजीत गौड़,जय प्रकाश चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओ को मजबूत करना सहकार भारती का उद्देश्य – रजनी सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सहकार भारती जौनपुर के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू के दिशा निर्देशन में चल रहे सदस्यता अभियान को गति देते हुए जिला सह संगठन प्रमुख रजनी सिंह ने आज भगवती




कलोनी, वाजिदपुर, कन्हईपुर में जनसम्पर्क करके दर्जनों लोगो को सहकार भारती की सदस्यता दिलाई! रजनी सिंह ने सहकार भारती के उद्देश्य एवं सहकारिता के माध्यम से पुरे प्रदेश महिलाओ की उत्थान के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों से अवगत कराया! उन्होंने कहा की आने वाला समय सहकारिता और सहकार भारती का है! देश भर में अलग अलग सहकारी संस्थाएं अच्छा कार्य कर रही है उनको एक सूत्र, एक विचार, एक ध्येय में पिरोने का कार्य सिर्फ सहकार भारती ही कर सकती है! सहकार भारती की सदस्यता लेने वालो में प्रमुख रूप से एकता सिंह, डा. कविता राय, पूनम सिंह, रीता सिंह, कामना चौहान, आकांक्षा सिंह, आयुषी सिंह, माधुरी सिंह, कमला राय, शीला सिंह सहित दर्जनों महिलाओ ने सदस्यता ली!

# एंबुलेंस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत : परिजनों में मचा कोहराम

अलीगढ़ पनैठी गंगीरी रोड पर कौडियागंज मोड़ के पास बृहस्पतिवार शाम एंबुलेंस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे की



सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव कनकपुर निवासी हरेंद्र कुमार (35) पुत्र मोतीलाल बृहस्पतिवार को बाइक से थाना बरला के गांव खुसावली अपनी ससुराल जा रहा था। पिलखना रोड पर कौडियागंज मोड़ के पास शाम पांच बजे कासगंज की ओर से आ रही एक एंबुलेंस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में हरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजने के बाद परिजनों को सूचित कर दिया। मृतक हरेंद्र ने अपने पीछे पत्नी सीमा देवी एवं तीन बच्चे सपना, पवन व भूमि को रोते बिलखते छोड़ा है।

# प्रयागराज एक्सप्रेस में सफर के दौरान यात्री की तबीयत बिगड़ी : हुई मौत

अलीगढ़ ब्यूरो : प्रयागराज एक्सप्रेस से दिल्ली से प्रयागराज जा रहे एक यात्री की बुधवार की देर रात सफर के दौरान तबीयत बिगड़ गई। ट्रेन के अलीगढ़ पहुंचने पर यात्री का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया जिस पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गाजियाबाद के थाना विजयनगर के ए–28 कॉलोनी निवासी 47 वर्षीय अमरीक सिंह अपनी पत्नी के साथ प्रयागराज जा रहे थे। रास्ते में ट्रेन में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उनकी पत्नी ने रेलवे स्टाफ से मदद मांगी तो अलीगढ़ स्टेशन पर डॉक्टरों की टीम बुला ली गई। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पाकर अमरीक सिंह के अलीगढ़ में रहने वाले तमाम रिश्तेदार व परिचित भी आ गए। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

# रक्षाबंधन पर बड़ा हादसा : स्लीपर कोच बस अनियंत्रित होकर खाई में गिरी : 22 सवारियां घायल

फिरोजाबाद ब्यूरो : फिरोजाबाद के सिरसागंज में दिल्ली से गोरखपुर सवारियां लेकर जा रही स्लीपर कोच बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना को देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। सवारियों को बस से बाहर निकाला गया। इस हादसे में 22 लोगों के घायल होने की सूचना है।थाना नगला खंगर क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 67 पर दिल्ली से गोरखपुर सवारियां लेकर जा रही स्लीपर कोच बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। बताया गया कि बस चालक को झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। बस में कुल 36 सवारियां थीं, जिसमें बस में सवार 22 सवारियों को चोटें आईं। सूचना मिलने पर एसएसपी फिरोजाबाद एवं अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा सैफई अस्पताल भेज दिया है। जनपद फिरोजाबाद के थाना नगला खंगर क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 67 पर देर रात करीब 12:40 बजे दिल्ली से गोरखपुर के लिए जा रही स्लीपर कोच बस के साथ हादसा हुआ। बताया गया है कि चालक को झपकी आने के कारण बस सड़क किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए अनियंत्रित होकर नीचे खाई में गिर गई।इस हादसे में बस में सवार 36 सवारियों में से 22 सवारियां घायल हो गईं। जानकारी होने पर



एसएसपी फिरोजाबाद आशीष पांडे, एसपी ग्रामीण डॉ. अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी सिरसागंज देवेंद्र सिंह और थाना नगला खंगार प्रभारी मौके पर आ गए। इस हादसे में बस में सवार 36 सवारियों में से 22 सवारियां घायल हो गईं। जानकारी होने पर एसएसपी फिरोजाबाद आशीष पांडे, एसपी ग्रामीण डॉ. अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी सिरसागंज देवेंद्र सिंह और थाना नगला खंगार प्रभारी मौके पर आ गए। हादसे में बस में सवार शिवेंद्र कुमार पुत्र बीएन दुबे, संजय पुत्र अभय नारायण पांडे, सुरेश पुत्र अमर सिंह, नीरज तिवारी पुत्र लाखन सिंह, सूरज पुत्र केसर सिंह, रामजन्म पुत्र रामदयाल, सुनीता पत्नी राम जन्म, किसान पुत्र वीरेंद्र सिंह, अंसारी पुत्र फरयाद अनवर, आकाश पुत्र बंटी, शशि शुक्ला, अमित चौधरी पुत्र राधेश्याम, राजेंद्र पुत्र राम लखन, पवन एकांत, सुभदेश, सुरेश, शिवम पुत्र दिसंबर लाल सहित चार अज्ञात लोग घायल हुए हैं।

# याद करो कुर्बानी : सटीक मुखबिरी के चलते अल्फ्रेड पार्क में घेर लिए गए थे आजाद

प्रयागराज ब्यूरो : रूस जाने से एक दिन पहले सटीक मुखबिरी की वजह से चंद्रशेखर आजाद अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र क्रांति की आखिरी रणनीतिक बैठक के दौरान घेर लिए गए थे। वह उसी शाम को रूस के लिए निकल जाते, लेकिन एक भरोसेमंद साथी को हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक पार्टी की कमान सौंपने के समय धोखा हो गया। कटरा के एक मकान से निकलकर साइकिल से जाते समय हिंदू हॉस्टल चौराहे पर हुई मुखबिरी का प्रमाण उस दौरान उनके निकट सहयोगी रहे यशपाल की पुस्तक सिंहावलोकन से मिलता है। यशपाल ने अपनी पुस्तक में उनकी रूस यात्रा की तैयारी से लेकर अल्फ्रेड पार्क में गोली लगने तक की घटना का विस्तार से वर्णन किया है। वह लिखते हैं कि वायसराय की ट्रेन के नीचे बम विस्फोट का मुकदमा होने के कारण नेहरू ने ही आजाद को विदेश चले जाने की राय दी थी। इसके लिए उन्होंने छह हजार रुपये की आर्थिक मदद देने की सहमति दी थी। अपने करीबी शिवमूर्ति सिंह के जरिये नेहरू ने 1500 रुपये रूस जाने के लिए आजाद के पास भिजवाए। वह लिखते हैं कि रूस की यात्रा पर जाने के लिए दूसरे दिन खरीददारी होनी थी। उसी दौरान अल्फ्रेड पार्क जाते समय हिंदू हॉस्टल चौराहे पर मुंह बांधे एक युवक को देख आजाद सशंकित होकर घूरने लगे थे। वहीं से वो पार्क चले गए और कुछ देर बाद ही गोली चलने का शोर मच गया। रूस जाने से पहले अल्फ्रेड पार्क में आजाद की थी आखिरी बैठक यशपाल लिखते हैं कि उस रात रूस जाने पर ही चर्चा होती रही। सोचा गया कि बीहड़ इलाकों से जाते समय सौ तरह की बीमारी, मुसीबत आ सकती है। कुछ दवा भी लेते जाएंगे। पंजाब में और आगे सर्दी ज्यादा होगी, इसलिए स्वेटर भी खरीद लें। 27 फरवरी 1931 की सुबह सुरेंद्र पांडेय और यशपाल स्वेटर खरीदने के लिए कटरा से चौक जाने के लिए तैयार हुए। आजाद के मददगार रहे कोटवा निवासी क्रांतिकारी शिवमूर्ति सिंह के पौत्र एसके सिंह बताते हैं कि उस दिन आजाद ने बाबा



से कहा था कि मुझे अल्फ्रेड पार्क में किसी से मिलना है। साथ ही चलते हैं। तुम लोग आगे निकल जाना। वे तीनों साथी अल्फ्रेड पार्क के सामने से साइकिलों पर जा रहे थे। बाबा बताते थे कि एक साइकिल पर सुखदेव राज पार्क में जाते दिखाई दिए। वे लोग समझ गए कि भैया राज से मिलने जा रहे हैं। रूस यात्रा से पहले इलाहाबाद में यही उनकी आखिरी बैठक थी। इंस्पेक्टर जनरल हार्लिंस ने आजाद के अचूक निशाने की की थी प्रशंसा आजाद की शहादत की घटना पर आधारित उस समय के यूपी के इंस्पेक्टर जनरल हार्लिंस के एक लेख से भी रोशनी पड़ती है। अंग्रेजी पत्रिका मेन वनली के अक्तूबर 1954 के अंक में हार्लिंस ने इस घटना का जिक्र किया है। इस लेख के अनुसार आजाद की पहली गोली अंग्रेज पुलिस सुपरिंटेंडेंट नाट बाबर की बांह में लगी थी। पुलिस इंस्पेक्टर विशेश्वर सिंह निशाना लेने के लिए झाड़ी के ऊपर से झांक रहा था। तब आजाद को तीन गोलियां लग चुकी थीं। ऐसी हालत में आजाद ने इंस्पेक्टर के झांकते हुए चेहरे को निशाना बनाकर गोली चलाई जो उसके जबड़े को चीरते हुए निकल गई। हार्लिंस ने अपने संस्मरण में आजाद के इस निशाने की प्रशंसा करते हुए लिखा है कि यह आजाद का अंतिम परंतु बहुत प्रशंसा योग्य निशाना था।

# आजमगढ़ में गोलीकांडः बाइक सवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली : 17 दिन पहले जेल से छूटकर आया था घर

आजमगढ़ ब्यूरो : बरदह थाना क्षेत्र के बड़ेपुर गांव के पास बाइक सवार बदमाश एक युवक को गोली मारकर फरार हो गए। रास्ते से गुजर रहे एक आटो चालक ने जमीन पर पड़े युवक के मोबाइल से उसके रिश्तेदार को फोन कर घटना की सूचना दी। वहीं पुलिस को भी सूचना दे दी। मौके पर परिजन व पुलिस पहुंची आनन–फानन उसे स्वास्थ्य केंद्र ठेकमा लेकर गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिस युवक को गोली लगी है, वह अभी 17 दिन पूर्व जमानत पर जेल से छूटकर घर आया था। युवक पर हत्या का मुकदमा पंजीकृत है। वहीं कुछ माह पूर्व पुलिस ने गैंगेस्टर की भी कार्रवाई की थी। जानकारी के मुताबिक बरदह थाना क्षेत्र के इसहाकपुर गांव निवासी आद्या प्रसाद राजभर (40) पुत्र सतिराम शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे दवा लेने के लिए ठेकमा जा रहे थे। बड़ेपुर गांव के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे बाइक सवार दो बदमाश ने तमंचे से फायर कर दिया। पहली गोली मिस हो गई लेकिन दूसरी गोली उसके बाएं हाथ में जा लगी। जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और वह जमीन पर गिर पड़ा। उधर बाइक सवार बदमाश भाग निकले। उधर से गुजर रहे एक आटो चालक ने उसे जमीन पर गिरा देख आटो रोका और उसके मोबाइल से उसके रिश्तेदार को फोन किया। रिश्तेदार ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी। वहीं गोली लगने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। परिजन व पुलिस घायल आद्या प्रसाद को स्वास्थ्य केंद्र ठेकमा पर ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पत्नी विद्या ने बताया कि ग्राम पंचायत चुनाव के दौरान गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया। इस दौरान बगल की रहने वाली एक बहु को गोली लग गई। इस मामले में उसके पति आद्या प्रसाद समेत आठ लोग नामजद किए गए। जिसमें पांच जेल की सलाखों के पीछे हैं। दो को अदालत से अरेस्ट स्टे मिल गया है। वहीं उसके पति को भी जेल में भेज दिया गया था। कुछ माह उनको जमानत मिली थी लेकिन पुलिस ने गैंगेस्टर की कार्रवाई कर उन्हें फिर से जेल भेज दिया। 17 दिन पूर्व वह जमानत पर जेल से छूटकर घर आए थे। आरोप है कि विपक्षियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। उन्हीं लोगों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि पीड़ित पक्ष की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। आद्या प्रसाद शिक्षा मित्र के पद पर थे। हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। अभी तक उनकी बहाली नहीं हो सकी है।

# राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय एलएलबी की छात्राओं ने न्यायालय का किया विजिट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार राय एवं लीगल एड क्लीनिक के संयोजक डॉ अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा विशेष सहयोग से डॉ विवेक 0सिंह के सान्निध में एलएलएम के छात्रों द्वारा जनपद न्यायालय का विजिट किया गया। सभी छात्र छात्राओं ने जनपद न्यायालय की न्यायिक कार्यवाही को देखने व समझने का अवसर प्राप्त हुआ। जिला जज माननीय संजीव फौजदार एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री कुलदीप सिंह द्वारा छात्र छात्राओं न्यायिक कार्यवाही के विषय में जानकारी प्रदान की गई। जिला जज द्वारा छात्र छात्राओं से कानून के विषय में सवाल जवाब हुए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय कुलदीप सिंह ने कहा की विधि छात्र छात्राओं को नियमित से न्यायालय विजिट करना चाहिए तथा न्यायिक कार्यवाही की बारीकियों को समझना चाहिए। ताकि भविष्य में एक सफल अधिवक्ता / न्यायिक अधिकारी के रूप में अपनी सेवा दे सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव माननीय रिचा वर्मा के द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के विषय में छात्र छात्राओं को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। रिचा वर्मा कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण सभी के लिए न्याय के उद्देश को पूर्ण करने के लिए कार्य कर रहा है। विधिक सेवा प्राधिकरण मध्यस्था के माध्यम से विवादो को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल कर रहा है। रिचा वर्मा ने प्री लिटिगेशन के विषय में बताया की अदालती कार्यवाही से पहले आप लोक अदालत में आकार विवाद का अंतिम रूप से निपटारा करवा सकते हैं। जिसमे विधि के छात्र महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते है। कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में सभी छात्र छात्राओं बार के अध्यक्ष एडवोकेट कालिका प्रसाद मिश्रा से मुलाकात की। बार अध्यक्ष ने छात्र छात्राओं को अधिवक्ता के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। कहा की अधिवक्ता के रूप में आप कमजोर वर्ग को न्याय दिलाने में मदद कर सकते है। इस कार्य में एलएलएम में अध्ययनरत रविशंकर यादव, अमित जयसवाल, सिद्धान्त आनंद, अंकिता श्रीवास्तव, शालनी तिवारी, मनीषा तिवारी, कौशल कुमार, नेहा गुप्ता, अलकनंदा, असीम पांडे सहित अन्य छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

## 34 वी पीएसी वाहिनी में तैनात कमांडेंट डाक्टर मिश्र आईपीएस के साथ अन्य पुलिस कर्मियों को छात्राओं ने राखी बांधकर लिया सुरक्षा का वचन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 34 वी वाहिनी पीएसी मीडिया सेल के मुताबिक रक्षाबंधन पर्व पर 34 वी बटालियन पीएसी वाहिनी कमांडेंट डाक्टर राजीव नारायण मिश्र आईपीएस के साथ साथ वहां तैनात अन्य पुलिस जवानों की कलाई में रक्षाबंधन के पावन सूत्र को बांधकर स्कूल की छात्राओं ने सुरक्षा का वचन लिया। इस मौके पर 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में क्रमशः 10 और 11 अगस्त 2022 को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर निवेदिता शिक्षा सदन बालिका इंटर कॉलेज तुलसीपुर वाराणसी एवं बी एस कोचिंग सेंटर की छात्राओं द्वारा वाहिनी के सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस एवं अन्य जवानों को परंपरागत तरीके से माथे पर तिलक लगाकर राखी बांधी गई। इस मौके पर उन्हें मिठाई खिलाकर उन्हें परदेश में भी उनके बहन के होने का एहसास दिलाया। वही इसके बदले में पुलिस कर्मियों द्वारा भी अपनी सभी बहनों की सुरक्षा का वचन दिया गया।इस मौके पर वाहिनी के सेनानायक डॉक्टर मिश्र ने कहा कि पुलिसकर्मी प्रत्येक पर्व एवं त्यौहारों पर अपने घर परिवार से दूर रहकर जनता की हिफाजत में लगे रहते हैं।पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर इन बच्चों द्वारा जो खुशियां





हमें प्रदान की गई है उसके लिए हम सदैव इनके ऋणी रहेंगे। आम जनमानस की सेवा में लगे यह जवान जो किसी पर्व पर अपने घर परिवार में नहीं जा पाते, उनकी कलाई सुनी ना रहे इसलिए इन बहनों ने उनकी कलाई में राखी बांधकर उन्हें जो खुशियां प्रदान की हैं उसे हम लोग जीवन भर याद रखेंगे। उक्त 'रक्षाबंधन के दौरान सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र आई.पी.एस व 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा इन बच्चों को धन्यवाद देते हुए हौसला आफजाई किया गया।

## अमृत महोत्सव को लेकर तैयार है रुदौली

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आजादी के 75 वा अमृत महोत्सव को लेकर गांव से लेकर शहर तक युवाओं से लेकर बच्चे व बुजुर्गो में देश भक्ति का उत्साह देखा जा रहा है।रुदौली तहसील में अधिवक्ताओं व रुदौली डॉक बंगला पर यूपी होमगार्ड बटालियन के साथ भाजपा विधायक रामचंद्र यादव तिरंगा यात्रा में शमिल हुए।तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।विधायक रामचंद्र यादव ने अपील करते हुए कहा आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने घरों, दुकानों और कारखानों पर तिरंगा फहराएं।प्रधानमंत्री मोदी द्वारा घोषित इस कार्यक्रम का मकसद आजादी के बाद पिछले 75 साल में हुए देश के विकास को लेकर बच्चों एवं युवाओं के बीच जागरुकता फैलाना और उनमें देशभक्ति की भावना पैदा करना है।साथ ही श्री यादव ने कहा की 'हर घर तिरंगा' अभियान का मकसद भारत के युवाओं में देशभक्ति की भावना पैदा करना और देश की स्वतंत्रता की शताब्दी मनाने का समय आने तक उसे शीर्ष पर ले जाने का संकल्प लेना है।उन्होंने कहा, ''इस मुहिम का लक्ष्य हमारे ज्ञात एवं अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को याद करना और उन्हें श्रद्धांजलि देना है।इसलिए सभी हिंदुस्तानी से एक ही अपील है की 13 अगस्त से 15 तक हर घर पर तिरंगा फहराना।इस मौके पर अधिवक्ता प्रमोद कुमार द्विवेदी, वेद प्रकाश तिवारी,रामनाथ तिवारी,रमेश तिवारी,सालिकराम यादव,फहीम अहमद, चंद्रेश पांडेय,कुल भूषण यादव,प्रमोद यादव मनोज कुमार यादव, कम्पनी कमांडर सुरेंद्र बहादुर सिंह,जिला पंचायत सदस्य राम नेवल लोधी,संतोष सिंह,अयोध्या प्रकाश शर्मा,नंद लाल यादव,राजेंद्र सिंह,इंद्र बहादुर यादव,सुरेश कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव का 34वीं वाहिनी पीएसी के साथ साथ काशी स्टेशन पर हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)पूरे देश में इस समय आजादी की 75 वी वर्षगांठ पर पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।इसी कड़ी में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता सप्ताह (दिनांक 11 अगस्त 2022 से 17 अगस्त 2022 तक) के प्रथम दिवस पर महोत्सव की शुरुआत वाहिनीं में हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुई। 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी के सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस के नेतृत्व मे 11 अगस्त 2022 दिन गुरुवार को प्रातः 06:00 बजे से ही वाहिनी परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा परिसर एवं परिसर में स्थित कार्यालयों एवं आवासों के आसपास, पार्क व परेड ग्राउंड आदि की साफ सफाई श्रमदान कर की गई। उक्त सफाई अभियान में वाहिनीं के समस्त राजपत्रित, अराजपत्रित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपना योगदान दिया गया।इसी क्रम में 'हर घर तिरंगा' के अंतर्गत वाहिनी में प्रातः 9:00 बजे समस्त कार्यालय एवं आवासीय भवनों पर सम्मान पूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।संपूर्ण वाहिनी में एक साथ राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर, ध्वज को सलामी देने एवं राष्ट्रगान का गायन हुआ।



सम्पूर्ण वाहिनीं में उमंग एवं उत्साह का वातावरण बना हुआ है।वही इसी कड़ी में अजय प्रताप सिंह कम्पनी कमांडर ,प्लाटून कमांडर श्याम जीत सिंह यादव,कम्पनी मेजर सतेंद्र सिंह व कम्पनी के समस्त कर्मचारी व आर पी एफ के जवान तथा जी आर पी के कर्मचारियों ने तथा काशी स्टेशन पर जनता के लोगों ने स्वतंत्रता के 75 वीं वर्ष गांठ पर बढ़ चढ़ कर अमृत महोत्सव में हिस्सा लिया व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# "हर घर तिरंगा" एन डी आर एफ ने नवोदय विद्यालय के छात्रों के साथ मिलकर निकाली जागरूकता रैली

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारत 2022 में आजादी की 75वीं सालगिरह मनाने की तैयारियों में युद्धस्तर पर जुटा हुआ है, इस कड़ी में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, ने सभी लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का आह्वान किया है, यह राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे है। उपयुक्त अभियान को साकार बनाने हेतु "राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, जो किसी भी प्रकार के आपदा में राहत बचाव का कार्य करता हैं, जिसकी एक टीम मानसून सत्र के दौरान जनपद अयोध्या में तैनात किया गया है।" निरीक्षक दीपक मंडल एवं उनकी टीम ने नवोदय विद्यालय के छात्रों, अध्यापक गण 'हर घर तिरंगा' के प्रचार प्रसार हेतु रैली का आयोजन किया। आजादी का अमृत महोत्सव की ही एक कड़ी है। यद्यपि आजादी के अमृत महोत्सव का वास्तविक उत्सव 13 से 15 अगस्त के बीच मनाया जाएगा, लेकिन हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े कार्यक्रम 2 अगस्त से शुरू हो चुके हैं. इस अभियान का मकसद लोगों को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। इससे लोगों में देशभक्ति की भावना जागेगी और तिरंगे को लेकर उनमें और समझ आएगी। "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2 अगस्त को लोगों से अपनी–अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल की फोटो को तिरंगे से बदलने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक संस्थान "हर घर तिरंगा" से जुड़ी चित्रकला प्रतियोगिताएं, क्विज और अन्य प्रतिस्पर्धाएं आयोजित कर रहे हैं। उनका मकसद इस तरह भारतीयों में देशभक्ति की भावना का संचार करना है। हालांकि घर पर तिरंगा फहराने की कड़ी में लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वह झंडा नीति यानी फ्लैग कोड ऑफ इंडिया के नियम–कायदों का ध्यान रखेंगे। मसलन फ्लैग कोड ऑफ इंडिया 2022 के तहत राष्ट्रीय ध्वज को उल्टा या जमीन से छूते हुए नहीं फहरा सकते हैं। इस कड़ी में यह भी ध्यान रखना है कि तिरंगे की सुरक्षा में ऐसे कदम भी नहीं उठाए जाएं जो उसे क्षतिग्रस्त कर दें। इसके अलावा तिरंगे को शरीर पर लपेटा नहीं जा सकता है। उसे बतौर रूमाल इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं यानी रूमाल पर तिरंगे को नहीं छाप सकते है और ना ही किसी अन्य पोशाक के रूप में इस्तेमाल कर सकते है।

# टी आर पब्लिक स्कूल में मनाया गया राखी का त्योहार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) टी आर पब्लिक स्कूल में शिक्षक प्रशांत सिंह, सौरभ श्रीवास्तव कौर व रूबी तिवारी की देखरेख में राखी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रातःकालीन सभा के दौरान किया गया। शिक्षिका आभा शुक्ला ने बच्चों को बताया कि राखी के माध्यम से एक बहन अपने भाई से अपने प्यार का इजहार करती है। और भाई अपनी बहन की हर समय रक्षा करने के लिए बाध्य होता है। इसके बाद लड़कियों के लिए सुंदर राखी और लड़कों के लिए सुंदर उपहार बनाने की प्रतियोगिताएं हुई। स्कूल के प्रबंधक अजय दुबे ने प्रतियोगिता जीतने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि राखी का पर्व भाईचारे के प्यार का प्रतीक है। स्कूल प्रिसिपल धीरेंद्र मणि त्रिपाठी ने राखी के पर्व पर बच्चों और स्टाफ सदस्यों को बधाई दी और कहा कि हमारे जीवन में खुशियों के नए रंग लाने के लिए हर त्योहार मनाया जाता है। इस मौके शिक्षक डी पी सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, आनंद सिंह, मोहम्मद आलम, मोहम्मद सादिक एवं शिक्षिका संगीता वर्मा, ज्योति सिंह सोनम, सारिका, राधा यादव, अनीता सिंह, रीमा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिले के आलाधिकारियों ने रक्षाबंधन पर्व पर दी बधाई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, पुलिस उप महानिरीक्षक ए0पी0 सिंह, जिलाधिकारी नितिश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, नगर आयुक्त विशाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव सहित मंडल एवं जनपद के सभी अयोध्या वासियों को रक्षाबन्धन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये कहा कि इस पर्व को हर्षोउल्लास के वार्तावरण में बनायें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रक्षाबन्धन के अवसर पर आज और कल यानी 11 अगस्त (गुरूवार) व 12 अगस्त (शुक्रवार) को बहनों के लिए बस का सफर निःशुल्क किया गया है, नियमानुसार लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी बताया कि यात्रियों की भीड़ को देखते हुये अतिरिक्त बसों की व्यवस्था भी की गयी है। इसी क्रम में उप निदेशक सूचना डॉ0 मुरलीधर सिंह ने भी मंडल एवं जनपद के समस्त पत्रकार बंधुओं एवं साहित्यकारों को रक्षाबंधन की बधाई दी है।

## 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी का तिरंगा हाफ मैराथन का कंपनी कमांडेंट डाक्टर मिश्र आईपीएस के नेतृत्व में हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी द्वारा अमृत महोत्सव की श्रृंखला में स्वतंत्रता सप्ताह के दूसरे दिन आज दिनांक 12 अगस्त 2022 को प्रात 08:30 बजे से तिरंगा 'हाफ मैराथन' का आयोजन सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस के नेतृत्व में किया गया।यह तिरंगा हाफ मैराथन वाहिनी के प्रवेश द्वार से प्रारंभ होकर जीटी रोड, थाना रोहनिया तिराहे से गुजर कर वाहिनी के परेड ग्राउंड में समाप्त हुई। इस भव्य तिरंगा हाफ मैराथन में बड़ी संख्या में वाहिनी के जवानों एवं अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस मैराथन दौड़ में सभी प्रतिभागी राष्ट्रीय ध्वज लेकर, भारत माता की जय एवं वंदे मातरम का उद्घोष करते रहे। इस यात्रा के दौरान आमजन एवं दर्शकों ने मैराथन प्रतिभागियों द्वारा लगाए जा रहे उद्घोष का प्रत्युत्तर देकर, उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र ने इस मैराथन में पुष्पेंद्र यादव, सुनील यादव, कमलेश पाल, राजू एवं अक्षय यादव को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, एवं पंचम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया।डॉ. मिश्र द्वारा इस प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की गई।ज्ञातव्य है कि पुलिस लाइन्स वाराणसी एवं पुलिस लाइन्स गाजीपुर में





आयोजित हाफ मैराथन प्रतियोगिता में भी 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी के प्रतिभागी अव्वल रहे।जहां पुलिस लाइन्स वाराणसी में बीरबल कुमार व विशाल देव ने क्रमशः प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं पुलिस लाइन्स गाजीपुर में दिवाकर मिश्रा, विरेंद्र यादव, सत्यजीत यादव व शुवेन्द्र कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया।जिसके चलते सेनानायक डॉक्टर मिश्र द्वारा इन प्रतिभागियों की सराहना करते हुए इन्हें पुरस्कृत किया गया है।वर्तमान में प्रचलित स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान सम्पूर्ण वाहिनीं में उमंग एवं उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

# एमबी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी : लगाए भारत मां की जय के नारे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के रायबरेली रोड स्थित एमबी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा अमृत महोत्सव के तहत प्रभात फेरी निकाली गई । यह प्रभात फेरी आगामी स्वतंत्रता दिवस की 75 वी वर्षगांठ के अवसर पर निकाली गई। जिसका उद्देश्य लोगो को देश के प्रति जागरूक करना प्रभात फेरी के दौरान एबी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीत गाकर भारत माता की जय हिंदुस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाये । प्रभात फेरी एबी पब्लिक स्कूल से निकल कर पैगापुर होते हुए नहर पार करके स्कूल पर वापस पहुंची। स्कूल की प्रबंधक लालमनी ने बताया आज पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव बना रहा है इसी अवसर पर हमारे स्कूल के बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर जनता को देश के प्रति एकजुट होने का संदेश दिया तथा प्रत्येक घर में तिरंगा लगाने का निवेदन किया। प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह चौहान ने बताया आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हमारे स्कूल के बच्चों ने भारतीय राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य आपस में भाईचारा बनाने का था।

## अनियमितता तथा भ्रष्टाचार की जांच करने गोडवा पहुंचे जांच अधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अनियमितता तथा भ्रष्टाचार की जांच करने गोडवा पहुंचे जांच अधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण। शिकायतकर्ता गणेश्वर चौहान के जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र के बाद किया स्थलीय निरीक्षण।मनरेगा मजदूरों से कार्य ना करा कर प्रधान प्रतिनिधि अनुज मिश्रा के ऊपर जेसीबी से कार्य कराने का आरोप। पंचायत सदस्यों की बैठक ना करने का आरोप। मनरेगा में सगे भाइयों सहित दर्जन भर समर्थकों की फर्जी तरीके से हाजिरी लगाकर सरकारी धन का बंदरबांट करने का आरोप। अनुज मिश्रा के प्रधान प्रतिनिधि लिखने पर भी शिकायतकर्ता ने खड़े किए सवाल। कहा पंचायती राज में प्रतिनिधि का नहीं है प्रावधान। अनुज मिश्रा किस हैसियत से खुद को लिखते हैं प्रधान प्रतिनिधि...?। ग्राम पंचायत के अभिलेख ना मुहैया करा पाने पर ग्राम विकास अधिकारी प्रतिभा को जांच अधिकारी ने लगाई कड़ी फटकार। क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान अयोध्या के आचार्य हैं जांच अधिकारी पंकज श्रीवास्तव।

## आजादी का अमृत महोत्सव की कार्य योजना के द्वितीय दिवस पर एसएसपी अयोध्या के नेतृत्व में हाफ मैराथन का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,अयोध्या प्रशांत वर्मा के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव व हर–घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत 07 दिवस कार्य योजना के द्वितीय दिवस आज दिनांक 12.08.2022 को समय प्रातः 06 बजे से रिजर्व पुलिस लाइन अयोध्या गेट नं0 02 से प्रारम्भ हुआ।जो जीआईसी होते हुए महिला अस्पताल से रिकाबगंज होते हुए पुलिस लाइन गेट नं0 01 से परेड ग्राउण्ड पर समाप्त हुई। इस हाफ मैराथन को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।इस अवसर पर 108 एंबुलेंस पर स्वास्थ्य टीम भी मौजूद रही।मैराथन में प्रतिभाग करने वाले प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों आरक्षी राजन सिंह(अभियोजन कार्यालय), आरक्षी मनोज कुमार (26 वाहिनी पीएसी कैम्प स्थल) आरक्षी ओम प्रकाश यादव (पुलिस लाइन अयोध्या) आरक्षी सुमित सिंह (क्षेत्रीय अभिसूचना इकाई) आरक्षी







मुलायम यादव (पुलिस लाइन अयोध्या) को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अयोध्या प्रशांत वर्मा द्वारा पुरस्कार वितरण कर प्रतिभाग करने वाले समस्त पुलिस अधि0ध्कर्म0गण का उत्साहवर्धन किया गया।वही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने हाफ मैराथन के माध्यम ध्यम से अयोध्या पुलिस द्वारा पुलिस के अनुसशासन, एकजुटता, आपसी भाईचारा, देश के प्रति प्रेम और वफादारी का संदेश दिया गया।

## आजादी के 75 वी वर्षगांठ पर आजादी अमृत महोत्सव पर्व के तहत एसएसपी अयोध्या ने कोतवाली नगर में किया आम जनमानस को संबोधित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय आजादी के 75 वी वर्षगांठ पर पूरा देश आजादी अमृत महोत्सव पर्व हर्षोल्लास पूर्वक ढंग से मना रहा है।उसी कड़ी में आज शुक्रवार को जिले के थाना कोतवाली नगर में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,अयोध्या प्रशांत वर्मा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आमजन मानस को सम्बोधित किया।इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने पुलिस की उपलब्धियां कोतवाली नगर में मौजूद आम जनमानस के सामने गिनाई। इस मौके पर उन्होंने बताया कि पुलिस का मुख्य कार्य समाज में हो रहे आपराधिक घटनाओं पर काबू कर पाना इसके साथ ही साथ समाज में रह रहे लोगों को सुरक्षा की भावना को जागृत करना होता है इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने पिछले गत वर्षो में पुलिस की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि इधर कई वर्षों से पुलिस ने दुर्दांत अपराधियों को जहां मार गिराया वहीं धार्मिक पर्वों को सकुशल ढंग से संपन्न भी कराने का कार्य किया है इस मौके पर उन्होंने बताया कि इधर पिछले दिनों में पुलिस ने समाज के लिए नासूर बने कई अपराधियों को ढेर कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है और इसके साथ ही साथ अन्य अपराधियों को जेल भेजने का भी काम किया है वहीं इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि जहां एक और पुलिस अपराधियों को पर नकेल कसने का काम करती है वहीं दूसरी ओर हमारी पुलिस गणतंत्र दिवस स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय प्रभु के साथ–साथ दीपावली होली दशहरा शिवरात्रि अयोध्या में सावन मेला दीपोत्सव रामनवमी सहित ऐसे बहुत से कार्यक्रम होते हैं जिसे हमारी पुलिस कठिन परिश्रम करके उसे शांत पूर्वक ढंग से संपन्न





कराती है इस मौके पर उन्होंने पुलिस की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि जहां हमारे पुलिसकर्मी अपने परिवार से बच्चों से दूर रहकर समाज में रह रहे लोगों के सुरक्षा प्रदान करते हैं वहीं इसके ही साथ ही साथ वह अपना जीवन जोखिम में डालकर हमेशा अपराधियों से भी लड़ने के लिए तैयार रहते हैं इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि इससे पहले हमारे पुलिसकर्मियों ने इसके अलावा चुनाव की ड्यूटी चाहे विधानसभा चुनाव हो चाहे पंचायत चुनाव हो उसे भी बखूबी शांतिपूर्वक ढंग से निर्वहन कार्य करने का काम किया है इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल सोनकर एसपी सिटी विजय पाल सिंह सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह नगर कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह के अलावा अन्य पुलिसकर्मी के साथ साथ शहर के बेनीगंज स्थित अमर हॉस्पिटल के डायरेक्टर व चिकित्सक डॉ अरविंद खरे विरेंद्र गुप्ता के अलावा शहर के अन्य प्रमुख प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।